312 - जानदार प्राणियों के चित्रों पर आधारित पत्रिकायें

प्रश्न

उन इस्लामी पत्रिकाओं के अधिग्रहण का क्या हुक्म है जिनमें तस्वीरें (छवियाँ) होती हैं ?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

छवियों और चित्रों पर आधारित इस्लामी पत्रिकाओं के अधिग्रहण में कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि आदमी ने उन्हें उनके अंदर पाये जाने वाले लाभ के लिए अधिग्रहण किया है, छवियों और तस्वीरों की वजह से नहीं। जहाँ तक उन पत्रिकाओं की बात है जिन्हें तस्वीरों और चित्रों के उद्देश्य से प्रकाशित किया गया है और उन्हें तस्वीरों और छवियों के लिए अधिग्रहण किया जाता है, तो यह हराम (निषिद्ध और वर्जित) हैं, उन्हें अधिग्रहण करना जायज़ नहीं है, क्योंकि फरिश्ते ऐसे घर में प्रवेश नहीं करते जिसमें कोई तस्वीर (छवि) हो। अंत हुआ। लिक़ाउल बाबिल मफ्तूह 52/52.

अगर पत्रिका लाभप्रद है और वह उसे सुरक्षित रखना चाहे तो उसके कवर पर जो छवियाँ हैं उन्हें मिटा दे।

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।

इस्लाम प्रश्न और उत्तर